# हिन्दी

(www.tiwariacademy.com)

## (दूर्वा)(पाठ 11)(जय प्रकाश पांडेय'— हिन्दी ने जिनकी ज़िंदगी बदल दी — मारिया नेज्यैशी)

## (कक्षा 8)

*प्रश्न अभ्यास*

### 1. पाठ से

**प्रश्न कः**

मारिया को किस कार्य के लिए सम्मानित किया गया?

**उत्तर कः**

मारिया ने अंग्रेज होते हुए भी हिन्दी के उत्थान के बहुत ही सराहनीय काम किया था और उन्होंने कई किताबों का हिन्दी से हंगेरियन और हंगेरियन से हिन्दी में अनुवाद किया था उनके इसी सराहनीय कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया था।

**प्रश्न खः**

मारिया ने अनेक भाषाओं का अध्ययन क्यों किया?

**उत्तर खः**

मारिया बचपन से ही इंसानी जीवन के शुरुआती दौर को जानने के लिए लालायित थी। इसीलिए उन्होंने ग्रीक, लेटिन, यूनानी और संस्कृत भाषाओं का अध्ययन किया।

**प्रश्न गः**

मारिया बुडापेस्ट में कौन—सी भारतीय पोशाक पहनना पसंद करती हैं और क्यों?

**उत्तर गः**

मारिया बुडापेस्ट में भारतीय पोशाक सलवार कुरता पहनना पसंद करती हैं क्योंकि यह उन्हें ठंड से भी बचाती है।

### 3. क्षमायाचना और शिकायत

**प्रश्न कः**

इस भेंटवार्ता की शुरुआत में ही मारिया ने क्षमायाचना क्यों की?

**उत्तर कः**

इस भेंटवार्ता की शुरुआत में ही मारिया ने क्षमायाचना इसलिए की कि दिल्ली के व्यस्त यातायात के चलते वह समय से नहीं पहुँच सकीं।

**प्रश्न खः**

उसने भेंटवार्ता की शुरुआत किस तरह की शिकायतों से की?

**उत्तर खः**

मारिया ने बातचीत की शुरुआत शिकायतों से करते हुए कहा कि , भारत बहुत बड़ा देश है। यहाँ की परंपरा बहुत समृद्ध है पर यहाँ के फ़िल्म वाले इतनी छोटी—छोटी बातों पर झूठ बोलते ही नहीं बल्कि झूठ दिखाते भी हैं कि उन्हें देखकर दुख होता है।

**प्रश्न गः**
तुम भी कभी क्षमायाचना और शिकायतों का व्यवहार करते होगे। बताओं वह कौन–कौन से अवसर होते हैं और किन–किन चीजों के बारे में किस–किस से तुम क्षमा याचना और शिकायत करते हो?
**उत्तर गः**
छात्र अपनी योग्यता के अनुसार इस प्रश्न का उत्तर स्वयं देंगे ।

**5. झूठ और सच की बात**
यहाँ के फिल्म वाले इतनी छोटी–छोटी बातों पर झूठ बोलते ही नहीं बल्कि झूठ दिखाते भी हैं। ऊपर मारिया ने भेंटकर्ता से जो बात कही है उसको पढ़ो। अब बताओ कि –
**प्रश्न कः**
तुम इस बात से कहाँ तक और क्यों सहमत हो?
**उत्तर कः**
हम इस बात से पूर्णतया सहमत हैं क्योंकि फिल्म वाल अपने मुनाफे और जनता के मनोरंजन के लिए कहानी को वास्तविकता से बहुत दूर ले जाते हैं ।

**प्रश्न खः**
क्या सिनेमा में झूठ और सच की बातें दिखाना जरूरी होता है? यदि हाँ तो क्यों?
**उत्तर खः**
सिनेमा में दोनों पक्ष दिखाना इसलिए जरूरी होता है क्योंकि यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो उनकी फिल्म को मसाला नहीं मिलेगा और उनकी फिल्म कमाई नहीं कर पाएगी

**9. दो–दो समान अर्थ**
नीचे एक शब्द के दो समान अर्थ दिए गए हैं। जैसे–
नमूना – धरती – पृथ्वी, धरा
अब तुम भी इन शब्दों के दो–दो समान अर्थ लिखो
**कः**
दोस्त
**कः**
सखा, मित्र

**खः**
मा
**खः**
माता, अम्मा

ग:
पानी
ग:
नीर ,जल

घ:
नारी
घ:
महिला, औरत

**11. नीचे दिए गए वाक्यों को सही शब्दों से पूरा करो**
क1:
रमा ने कमरे में फूल............. दिए । सज़ा /सजा
क:
सजा

ख:
माँ दही ............. भूल गई। ज़माना/जमाना
ख:
**जमाना**

ग:
घोड़ा ............. दौड़ता है। तेज़/तेज
ग:
तेज

घ:
शीला ने मुझे एक ........... की बात बताई। राज/राज़
घ:
राज़

ङ:
उदित सितार बजाने के ........... में माहिर है। फन/फ़न
ङ:
फ़न

च:
कप में ........... सी चाय बची थी। जरा/ ज़रा
च:
जरा